हादसा | सीसीटीवी में कैद हुआ खौफनाक मंजर, एक युवती जबलपुर रेफर

सिलेंडर ले जा रहे ऑटो से टकराई स्कूटी, दो युवतियां घायल

बिनैका, नवभारत। ग्राम पंचायत बिनैका में मंगलवार की सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया। यहाँ एक स्कूटी पर सवार दो युवतियां सामने से आ रहे गैस सिलेंडरों से लदे ऑटो से जा टकराईं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कूटी के परखच्चे उड़ गए और युवतियां सड़क पर काफी दूर जा गिरीं।

बताया जाता है कि इस हादसे का दिल दहला देने वाला सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसके आधार पर सिटी कोतवाली पुलिस जांच कर रही है।

गलत दिशा से आ रही थी स्कूटी

हादसा मंगलवार सुबह बिनैका स्थित चौरसिया मोहल्ला के पास हुआ। बुधवार को सामने आए सीसीटीवी फुटेज के अनुसार, सड़क पर एक बाइक सवार अपनी सही दिशा में जा रहा था। तभी सामने से गलत दिशा में तेज रफ्तार से आ रही स्कूटी, जिस पर दो युवतियां सवार थीं, बाइक को बचाने के प्रयास में बेकाबू हो गई। अनियंत्रित स्कूटी सीधे सामने से आ रहे गैस सिलेंडर ऑटो से जा भिड़ी।

स्थानीय लोगों ने पहुंचाया अस्पताल

टक्कर के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। दुर्घटना होते ही ऑटो चालक और स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत सक्रियता दिखाई और लहूलुहान हालत में दोनों युवतियों को जिला अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद एक युवती की हालत बेहद नाजुक होने के कारण उसे बेहतर इलाज के लिए जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

पुलिस कर रही दुर्घटना का बारीकी से पड़ताल

बताया जाता है कि स्थानीय लोगों द्वारा घटना की सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज में स्कूटी की रफ्तार और गलत दिशा साफ नजर आ रही है। फुटेज को साक्ष्य के तौर पर शामिल कर हादसे के कारणों की बारीकी से पड़ताल की जा रही है।

दो बाईकों की टक्कर में एक युवक घायल

नारायणगंज। बीजाडांडी से नारायणगंज की तरफ आ रहा एक बाईक सवार युवक हादसे का शिकार हो गया। हादसे में युवक को चेहरे व शरीर में अन्य जगह चोटे आई। हादसे के बाद स्थानीयजनों ने एम्बुलेंस को सूचना दी। जिसके बाद एम्बुलेंस में घायल युवक को नारायणगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उपचार के लिए लाया गया। जहां युवक का उपचार किया जा रहा है।

जानकारी अनुसार बकछेरा गोंदी निवासी सुनील मसराम पिता मंगल सिंह मसराम 35 वर्ष अपने साथी संतोष पावले पिता विरस पावले 18 वर्ष निवासी बकछेरागांदी के साथ किसी कार्य से बीजाडांडी की तरफ गए हुए थे। यहां वापस दोनों अपनी मोटरसाईकिल से लौट रहे थे। इसी दौरान एक अज्ञात बाईक सवार तेज रफ्तार में मार्ग क्रॉस कर रहा था, उसी दौरान सुनील की बाईक उस अज्ञात बाईक सवार से भिंड गए। हादसे के बाद अज्ञात बाईक सवार तत्काल अपनी बाईक लेकर मौके से फरार हो गया।

घायलों को पहुंचाया अस्पताल

हादसे के बाद स्थानीयजनों ने बाईक सवार घायल युवक को तत्काल 108 एम्बुलेंस की मदद से नारायणगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजा। जहां हादसे में घायल सुनील मसराम के चेहरे में करीब चार टांके लगाए गए। वहीं संतोष पावले को मामूली चोटे आई थी। हादसे की जानकारी टिकरिया पुलिस को दी। मामला दर्ज कर पुलिस हादसे की जांच कर रही है।

पैतृक जमीन विवाद में प्राणघातक हमला

पीड़ित गंभीर रूप से घायल, जबलपुर रेफर

पुलिस ने किया तीन पर मामला दर्ज

बिझिंया, नवभारत। कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत बिझिंया ग्राम पंचायत क्षेत्र में पैतृक जमीन को लेकर चल रहे विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। एक ही परिवार के दो पक्षों के बीच हुए इस विवाद में छोटे भाई के बेटे ने प्राणघातक हमला कर दिया, जिससे पीड़ित गंभीर रूप से घायल हो गए। मंगलवार को पीड़ित ने घटना के संबंध में जानकारी दी।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बिझिंया निवासी एक परिवार में दो भाइयों के बीच पैतृक जमीन को लेकर मामला न्यायालय में विचाराधीन था। हाल ही में न्यायालय से फैसला एक पक्ष के पक्ष में आने के बाद दूसरे पक्ष में आक्रोश फैल गया। और इसी के चलते इस विवाद को जन्म दिया। बताया जाता है कि इसी रंजिश के चलते राजू ठाकुर पर जानलेवा हमला कर दिया गया।

एक सप्ताह पूर्व हुई घटना में राजू ठाकुर गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तत्काल जिला अस्पताल मंडला में भर्ती कराया गया। हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने उन्हें जबलपुर रेफर कर दिया है। वापस आने पर कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई गई। पीड़ित परिवार के बयान के आधार पर सिटी कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। सिटी कोतवाली प्रभारी शफीक खान ने बताया कि जबलपुर से मेडिकल रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

लापरवाही की भेंट चढ़ता पर्यटन स्थल रामनगर

घाटों पर फेंसिंग नहीं, कई मौतों के बाद भी नहीं जागा प्रशासन

रामनगर। जिला मुख्यालय से सटे ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व के पर्यटन स्थल रामनगर में शासन-प्रशासन की बड़ी अनदेखी सामने आ रही है। मोतीमहल, रानीमहल और मां रेवा के दर्शन के लिए मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ से हजारों पर्यटक यहाँ खिंचे चले आते हैं, लेकिन माँ नर्मदा के तट पर सुरक्षा के इंतजाम ऊंट के मुंह में जीरा साबित हो रहे हैं।

बताया गया कि विगत वर्षों में रामनगर के घाटों पर स्नान के दौरान कई हृदय विदारक हादसे हो चुके हैं, जिनमें बाहर से आए पर्यटकों ने अपनी जान गंवाई है। इसके बावजूद प्रशासन ने उन खतरनाक स्थानों पर अब तक स्थाई फेंसिंग या बैरिकेडिंग की व्यवस्था नहीं की है। सबसे बड़ा विरोधाभास यह है कि जिस स्थान पर सरकार हर वर्ष राष्ट्रीय स्तर के खेल और आदिवासी उत्सव आयोजित करती है, वहीं आम दिनों में श्रद्धालुओं की जान की सुरक्षा के प्रति पूरी तरह उदासीनता बरती जा रही है।

त्योहारों से पहले बढ़ी चिंता-जनवरी माह में मकर संक्रांति और मां नर्मदा जन्मोत्सव जैसे महापर्व आने वाले हैं। इन अवसरों पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु पुण्य स्नान के लिए रामनगर पहुँचते हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सुरक्षित घाट का निर्माण न होने और गहरे पानी वाले क्षेत्रों में चेतावनी बोर्ड या फेंसिंग न होने के कारण यहाँ हर समय मौत का खतरा बना रहता है।

स्थानीय नागरिकों की मांग-स्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं ने शासन-प्रशासन से पुरजोर मांग की है कि किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार करने के बजाय समय रहते यहाँ सुरक्षा इंतजाम पुख्ता किए जाएं। खतरनाक क्षेत्रों को चिन्हित कर वहां लोहे की फेंसिंग कराई जाए और स्नान के लिए सुरक्षित घाटों का सीमांकन किया जाए।

उमंग, उच्च शिक्षा, हेल्थ एवं वेलनेस कार्यक्रम महाविद्यालय में आयोजित

बड़ी खैरी। उमंग, उच्च शिक्षा, हेल्थ एवं वेलनेस कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सिलेंस रानी दुर्गावती स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित किया गया। महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र, छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं संगोष्ठी में विस्तृत चर्चा की गई। एचव्ही, सिकिल सेल, बीएमआई, नेत्र जांच, दंत चिकित्सा, आभा आईडी तथा सामान्य जांचें कर उपचार कर दवाईयां दी गई। डॉ. डीके मरकाम जिला स्वास्थ्य अधिकारी 2 के द्वारा उपस्थित छात्र, छात्राओं को यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। डॉ. अनिल गुप्ता प्राचार्य द्वारा आज के परिवेश को देखते हुए स्वास्थ्य परीक्षण के महत्व को बताया इस दौरान कार्यक्रम में डॉ. टीपी मिश्रा, डॉ. सीमा धुर्वे, डॉ. दुर्गावती, डॉ. अरविन्द कुमार, डॉ. एलआर बघेल, डॉ. प्रमोद चौरे, डॉ. राजेश धुर्वे, जिला चिकित्सालय की मेडिकल टीम आदि शामिल रही।

निवास की प्रसिद्ध पिपरिया मड़ई का 3 जनवरी से आगाज

नए साल के जश्न पर भारी पड़ता है मड़ई का उत्साह, आस्था और व्यापार का अनूठा संगम

निवास। विकासखंड निवास क्षेत्र की सुप्रसिद्ध और ऐतिहासिक पिपरिया मड़ई का तीन दिवसीय आयोजन 3 जनवरी से शुरू होने जा रहा है। इस मड़ई को लेकर केवल निवास ही नहीं, बल्कि आसपास के कई जिलों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। क्षेत्रवासियों के लिए यह मड़ई दीपावली के बाद साल का सबसे बड़ा त्यौहार बन जाती है, जहाँ लोग नए साल के पिकनिक का आनंद छोड़कर मड़ई की परंपराओं में शामिल होना पसंद करते हैं।

पिपरिया मड़ई की भव्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यहाँ मंडला सहित जबलपुर, डिंडौरी, उमरिया, शहडोल, अनूपपुर और बालाघाट जैसे जिलों के व्यापारी महीनों पहले से अपनी तैयारियां शुरू कर देते हैं। स्थानीय नागरिक दिनेश चौकसे ने बताया कि वर्षों से चली आ रही इस परंपरा में पिपरिया, मोहगांव, जवैधा, बम्हनी, बालपुर और सिंगपुर सहित दर्जनों गाँवों से ग्रामीण मांदर और बाजों की थाप पर चंडियां लेकर पहुँचते हैं और चंडी माता का पूजन कर सुख-समृद्धि का आशीर्वाद लेते हैं।

ठंड के बीच गर्म कपड़ों का सबसे बड़ा बाजार-जनवरी की कड़कड़ाती ठंड में लगने वाली इस मड़ई की सबसे बड़ी खासियत यहाँ लगने वाला गरम कपड़ों का बाजार है। मड़ई के दौरान ग्रामीण अपनी आर्थिक क्षमता के अनुसार कंबल, रजाई, शाल, टोपा और मफलर की जमकर खरीदी करते हैं। इसके अलावा चाट-फुल्की, जलेबी और बिंदी-चूड़ी की दुकानों पर भी खासी रौनक रहती है।

मनोरंजन और सुरक्षा के होंगे पुख्ता इंतजाम-मड़ई को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए इस वर्ष मौत का कुआँ, सुपर ड्रैगन झूला, क्रॉस झूला, सर्कस और काला जादू जैसे मनोरंजन के साधन उपलब्ध रहेंगे, जो विशेषकर ग्रामीण अंचल के युवाओं और बच्चों के लिए आकर्षण का केंद्र होंगे। आयोजन के दौरान भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं, ताकि श्रद्धालु और व्यापारी निर्भय होकर मड़ई का आनंद ले सकें।

हिरदेनगर में धूमधाम से मनाया जाएगा माँ नर्मदा जन्मोत्सव पर्व

किन्नर चांदनी दीदी देंगी भजन संध्या की प्रस्तुति, नर्मदा जयंती पर होंगे विविध आयोजन

हिरदेनगर 31 दिसंबर नभाप्र. नर्मदा जयंती भारत में हिन्दुओं द्वारा मनाया जाने वाला एक त्यौहार है। यह अमरकंटक में बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है, क्योंकि यह माँ नर्मदा का जन्म स्थान है। इसके अलावा यह पूरे मप्र में बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया जाता है। हिन्दू कैलेंडर के हिसाब से माघ माह की शुक्ल पक्ष की सप्तमी को माँ नर्मदा का जन्म हुआ था, इसलिए यह हर साल इस दिन माँ नर्मदा का जन्मोत्सव मनाया जाता है। भारत में सात धार्मिक नदियाँ हैं उन्हीं में से एक है माँ नर्मदा है। हिन्दू धर्म में इसका बहुत महत्व है। कहा जाता है कि भगवान शिव ने देवताओं को उनके पाप धोने के लिए माँ नर्मदा को उत्पन्न किया था और इसलिए इसके पवित्र जल में स्नान करने से सारे पाप धुल जाते है।

नर्मदा महोत्सव को हिंदुओं द्वारा पर्व के रुप में मनाया जाता है। इस वर्ष नर्मदा जयंती 25 जनवरी को मनाई जाएगी।

मां नर्मदा अंचल के दक्षिण तट में हृदयशाह राजा की पावन नगरी हृदयनगर के हृदयस्थल पर स्थित ऊँ श्रीं माँ रूकमणि देवी सदाव्रत आश्रम सिद्धपीठ दरबार माँ नर्मदा मंदिर में 30 वां माँ नर्मदा जन्मोत्सव महापर्व आचार्य संतोष महाराज व पंडित मनीष उपाध्याय के सानिध्य में सार्वजनिक रूप से मनाया जाएगा। जन्मोत्सव पर्व में चार दिवसीय विविध धार्मिक आयोजन किए जाएंगे। इस आयोजन में पंडित मनीष उपाध्याय द्वारा सुहागले पूजन, एक कुण्डीय महायज्ञ, रामनाम आहूति माँ नर्मदा जी अभिषेक समूहिक प्रार्थना, मात्तपितृ, गुरु अभिषेक पूजन हवन वैदिक विधान धर्म शास्त्रानुसार आचार्य संतोष महाराज की उपास्थित में किया जाएगा।

विधिवत होंगे माँ नर्मदा जयंती के कार्यक्रम

आचार्य संतोष महाराज ने बताया कि जन्मोत्सव के अवसर पर दरबार में सुहागले पूजन, जप यज्ञ, रामधुन संकीर्तन, माँ नर्मदा अभिषेक, रामधुन समापन, कन्या भोज, मुण्डन संस्कार समेत विविध धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 30 वां माँ नर्मदा जन्मोत्सव महापर्व का चार दिवसीय आयोजन 22 जनवरी से 25 जनवरी तक नर्मदा जयंती के अवसर पर विविध धार्मिक आयोजन किये जाएंगे। जिसमें 22 जनवरी को जप यज्ञ, 23 जनवरी को सुहागले पूजन दोपहर 12 से 4 बजे तक, इसके बाद अंखड रामधुन और कीर्तन शाम 8 बजे से अगले दिन तक। 24 व 25 जनवरी को अखंड रामधुन का समापन, पूर्णाहूति, कथा पूजन पाठ, संध्या आरती वंदना, माँ नर्मदा जी का अभिषेक, पूजन, हवन, कन्या भोज, मातृ पितृ, गुरू अभिषेक पूजन किया जाएगा। इसके बाद दोपहर 2 बजे से बच्चों के मुंडन संस्कार का कार्यक्रम अयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया है। 25 जनवरी को दोपहर 02 बजे से रात्रि 9 बजे तक विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही शाम 4.30 बजे से रात्रि 9.30 बजे तक किन्नर चांदनी दीदी द्वारा भजन संध्या की प्रस्तुति दी जाएगी।

807 नि:संतान दंपतियों की हुई मनोकामना पूर्ण

बताया गया कि विगत वर्षो में ऊँ श्रीं माँ नर्मदा सिद्धपीठ दरबार में विगत वर्षो में 807 नि:संतान दंपतियों की मनोकामना पूर्ण हुई है। इस वर्ष 92 नि:संतान दम्पतियों की कामना पूर्ण हुई है। जिनका मुंडन संस्कार कार्यक्रम 25 जनवरी को किया जाएगा। आचार्य संतोष महाराज जी ने सभी भक्तों, श्रृद्धालुओं से नर्मदा जन्मोत्सव कार्यक्रम में उपस्थित होकर इन नवरत्नों को शुभाशीष देकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

आजादी के दशकों बाद भी अंधेरे में भड़गा टोला

मवई में फूटा आदिवासियों का आक्रोश, सौंपा ज्ञापन

मवई। विकासखंड मवई के ग्राम भड़गा टोला में बुनियादी सुविधाओं के अभाव ने अब जन-आक्रोश का रूप ले लिया है। वर्षों से बिजली, सड़क और शुद्ध पेयजल जैसी अनिवार्य सुविधाओं से वंचित ग्रामीणों ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में तहसील कार्यालय का घेराव किया। ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर अपनी पीड़ा व्यक्त की और जल्द निराकरण न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। ज्ञापन में बताया गया कि आधुनिक युग में भी भड़गा टोला विद्युत सुविधा से पूरी तरह वंचित है। टोले तक पहुँचने के लिए न तो पक्की सड़क है और न ही नालों पर पुल-पुलिया। आलम यह है कि बारिश के दिनों में उफनते नालों के कारण गांव का संपर्क तहसील मुख्यालय से पूरी तरह कट जाता है। सड़क और संपर्क के अभाव में यहाँ रहने वाले आदिवासी और बैगा परिवारों तक न तो एम्बुलेंस पहुँच पाती है और न ही बच्चे स्कूल जा पा रहे हैं।

दूषित पानी और आंगनबाड़ी का अभाव-ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जल जीवन मिशन के दावों के बीच उन्हें आज भी दूषित पानी पीना पड़ रहा है, जिससे बीमारियों का खतरा बना हुआ है। इसके साथ ही, टोले में आंगनबाड़ी केंद्र न होने के कारण नौनिहालों को पौष्टिक आहार और प्रारंभिक शिक्षा से वंचित रहना पड़ रहा है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संतोष रानू हरदहा ने इसे आदिवासियों के संवैधानिक अधिकारों का हनन बताते हुए सरकार के अंतिम व्यक्ति तक लाभ के दावे को पूरी तरह खोखला करार दिया।

विद्युत विभाग पर अवैध वसूली के आरोप-कांग्रेस ने ज्ञापन के माध्यम से मवई क्षेत्र में सक्रिय विद्युत विभाग की विजिलेंस टीम पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि एक तरफ टोला अंधेरे में है, वहीं दूसरी ओर विभाग की टीम गरीब आदिवासियों और छोटे व्यापारियों को डरा-धमकार अवैध वसूली कर रही है। ब्लॉक अध्यक्ष संतोष हरदहा ने स्पष्ट किया कि यदि शीघ्र भड़गा टोला में बिजली, सड़क, पानी जैसी सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई गईं, तो कांग्रेस पार्टी ग्रामीणों के साथ मिलकर सड़कों पर उतरेगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान बाबूलाल धुर्वे, नसीम खान, शुभम बैरागी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पर्यटन | बिछिया ब्लाक में ऐतिहासिक और पर्यटन स्थलों की भरमार

सीतारपटन, अजगर दादर, मटरिया डेम है आकर्षण का केन्द्र

अंजनियां 31 दिसंबर नभाप्र. आज साल का पहला दिन है और बीते साल की अंतिम रात से ही जश्न का माहौल शुरू हो गया। नए साल को जश्न के रूप में मनानें मित्रो, दोस्तों एवं परिवारों के अलावा टूरिस्टो में चर्चा स्थान की तलाश की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी नए साल को लेकर अच्छा खासा उत्साह है। बताया गया कि जिले के बिछिया ब्लॉक में पर्यटन स्थल की कमी नहीं है। यहां ऐतिहासिक और पर्यटन स्थलों की भरमार है। जहां लोग 2026 में हैप्पी न्यू ईयर बनाने यहां पहुंचने वाले हैं।

अजगर दादर खास

जानकारी के अनुसार अजगरों की बस्ती कहे जाने वाला अजगरो का केंद्र परिक्षेत्र जगमंडल अंजनिया के अंतर्गत ककैया में है। यहां कई हैक्टर में नर और मादा अजगर पाए जाते है। बताया जाता है कि सन 1926 में आई बाढ़ के बाद यह इलाका पूरी तरह खोखला हो गया है। जहां चूहा गिलहरियों आदि ने अपना बसेरा बना लिया। तब से ही यहां अजगरों ने अपना आशियाना बना लिया। यह इलाका अजगर दादर के नाम से जाने लगा।

सीतारपटन में पिकनिक स्पॉट

अंजनिया से 5 किलोमीटर दूर सीतारपटन में लोगों की मान्यता है कि यह लव कुश की जन्म नगरी है। जहां महर्षि वाल्मीकि ने रामायण की रचना की। भगवान राम के द्वारा सीता मां को निष्कासित करने पर यहां सीता जी आश्रम की पनाह ली थी। इसके अलावा यहीं से सुरपन नदी गुजरी है जिसमें झरने स्पॉट आदि है। जहां लोग लुफ्त उठाने आते हैं।

नए वर्ष में भी यहा काफी भीड़ देखी जाती है। इसी तरह बिछिया ब्लॉक के अंजनिया से 7 किलो मीटर की दूरी पर स्थित ग्राम बघरौनी में मटियारी जलाशय है। बरसात में खूबसूरती नजारे को देखने के लिए यहां दूर-दूर से लोग पहुंचते हैं। बारिश के बाद यहां जलभराव बना हुआ है। नए साल के दिन यहां मेले का आयोजन किया जाता है। इस बार भी एक और दो जनवरी को यहां मेला लगने जा रहा है।

कार्यालय ग्राम पंचायत बनियातारा जनपद पंचायत मण्डला (म.प्र.)

क्रमांक/9/25 **निविदा आमंत्रण** दिनांक :- 31/12/2025

मध्यप्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1993 के अंतर्गत ग्राम पंचायत बनियातारा में 15वां वित्त आयोग मद योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत बनियातारा में निम्नलिखित कार्य कराये जाने हैं। जो निम्नानुसार हैं :-

1. सी.सी. सड़क निर्माण वार्ड क्रं. 12 (प्रकाश के घर से आगे की ओर) पोषक ग्राम जामुनपानी

इच्छुक सप्लायर अपनी दरों को सील बंद लिफाफे में दिनांक 06/01/2026 को कार्यालय समय तक जमा कर सकते हैं। रेत, प्रति घन मी. गिट्टी प्रति घन मी. सीमेन्ट प्रति वेग लोहा प्रति किलो ईंट प्रति नग व उपरोक्त कार्य में लगने वाले सामग्री सम्मिलित है।

नोट :- निविदा सम्बंधी शर्तें ग्राम पंचायत भवन के सूचना पटल में देखी व पढ़ी जा सकती है।

सचिव, ग्राम पंचायत बनियातारा, वि.खं. मण्डला — नैनवती वरकड़े, सरपंच, ग्राम पंचायत बनियातारा जन. पंचा. मण्डला

कार्यालय ग्राम पंचायत बनियातारा जनपद पंचायत मण्डला (म.प्र.)

क्रमांक/8/2025 **निविदा आमंत्रण** दिनांक :- 31/12/2025

मध्यप्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1993 के अंतर्गत ग्राम पंचायत बनियातारा में स्वच्छ भारत मिशन मद योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत बनियातारा में निम्नलिखित कार्य कराये जाने हैं। जो निम्नानुसार हैं :-

1. सामुदायिक सोक पिट निर्माण कार्य ग्राम पंचायत बनियातारा

इच्छुक सप्लायर अपनी दरों को सील बंद लिफाफे में दिनांक 06/01/2026 को कार्यालय समय तक जमा कर सकते हैं। रेत, प्रति घन मी. गिट्टी प्रति घन मी. सीमेन्ट प्रति वेग लोहा प्रति किलो ईंट प्रति नग व उपरोक्त कार्य में लगने वाले सामग्री सम्मिलित है।

नोट :- निविदा सम्बंधी शर्तें ग्राम पंचायत भवन के सूचना पटल में देखी व पढ़ी जा सकती है।

सचिव, ग्राम पंचायत बनियातारा, वि.खं. मण्डला — नैनवती वरकड़े, सरपंच, ग्राम पंचायत बनियातारा जन. पंचा. मण्डला